नागपुर में 27 सितंबर को 'टीसीएस आईटी विझ-2016'

नागपुर, 12 सितंबर. टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस (टीसीएस), आईटी क्षेत्र की अग्रगण्य कंसल्टिंग व व्यापारी कंपनी की ओर से 'टीसीएस आईटी विझ-2016' इस भारत की सबसे बड़ी तकनीकी विषयक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन नागपुर में कियां जाएगा. यह प्रतियोगिता मंगलवार 27 सितंबर को डॉ. वसंतराव देशपांडे सभागृह, सिविल लाइन्स में संपन्न होगी.

प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शुल्क नहीं लगेगा. कक्षा 8वीं से 12वीं के विद्यार्थी प्रतियोगिता में सहभागी हो सकते हैं. दो विद्यार्थियों की एक, इस प्रकार एक ही स्कूल से अनेक टीम सहभागी हो सकती हैं. प्रतियोगिता में सहभागी होने हेतु संबंधित स्कूल 24 सितंबर तक विद्यार्थियों के नाम का पंजीकरण कर सकती हैं. पंजीकरण एवं विस्तृत जानकारी के लिए प्रशांत कोपरकर, संयोजक, टीसीएस आईटी विझ, अग्रवाल हाउस, बुराडे गली, तेलीपुरा, सीताबर्डी (मो. 9822193655) के पते पर या वेबसाइट पर संपर्क कर सकते हैं.

देशभर में 15 जगह पर टीसीएस आईटी विझ-2016 का आयोजन किया गया है. इनमें अहमदाबाद, बेंगलूर, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, इंदौर, कोची, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे एवं विशाखापट्टनम शहर शामिल हैं.